स्वर्ण जयंती वर्ष (1969-2019)

स्थापित 1968

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

*अंक 12 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 जून 2022 ✦ वर्ष 10 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5*



सिर्फ दुनिया के सामने
जीतने वाला ही...
विजेता नहीं होता...
बिना वैमनस्यता के
किन रिश्तों के सामने
कब और कहाँ हारना है,
यह जानने वाला भी
विजेता होता है...!!

## अपने विवेक से योग्य नेतृत्व का चयन करें

## समाज को सशक्त बनाएं

TAILOR MADE
**SOLUTIONS**
FOR DIVERSE
**INDUSTRY NEEDS**

**MEI POWER PRIVATE LIMITED**

MARSON'S
AGRA, INDIA



25 KVA to 14 MVA
Type Tested as per
**BIS Level 3 & 2 / IEC & IS**



# संस्थापक - स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

*(19 अगस्त, 1927 - 31 अगस्त, 2016)*

आपका स्नेह, सेवाभाव, समाज की प्रगति की भावना, उच्च विचार एवं प्रेरणादायक जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।













**Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions**

**MEI POWER PRIVATE LIMITED**
**Correspondence**: 1/189 Delhi Gate, Civil Lines, **Agra - 282 002 (INDIA)**
Ph: +91 562 2520027, +91 562 2850812
**Works:** Mathura Road, Artoni, **Agra - 282 007 (INDIA)**
Ph: +91 90277 09944, +91 92580 78803
info@marsonselectricals.com www.marsonselectricals.com

9001 14001 MIDEL CE ENERGY IS LIFE BEE CONSERVE IT EU Directives



**Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions**

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 12 ✦ 25 जून 2022 ✦ वर्ष 10

Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

**महासभा पदाधिकारी**

**श्री आर.सी. जैन** *( अध्यक्ष )*
*(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)*
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

**श्री राजीव रतन जैन** *( महामंत्री )*
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

**श्री अजीत जैन** *( अर्थमंत्री )*
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

**पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल**

**डॉ. अनुपम जैन** *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

**श्री चन्द्रशेखर जैन** *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

**श्री प्रकाश चन्द जैन** *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार "बी"
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

**श्री पारस जैन गहनौली** *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

**श्री महेश चन्द जैन** *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

## अध्यक्ष की कलम से....

***समाज के सभी आदरणीय सज्जनों एवं देवियों,***

**सादर जयजिनेन्द्र**

पिछले लगभग एक माह से समाज के विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों पर समाज के कई ज्ञानी एवं वरिष्ठजन अति सुन्दर-सुन्दर सन्देश डाल रहे हैं। ये सभी विद्वान व्यक्ति हैं और शायद कुछ के पास विदेशी डिग्रियाँ भी हैं। कुछ व्यक्ति तो शायद समाज के सबसे सच्चरित्र व्यक्ति हैं जिसका सत्यापन अदालत भी कर चुकी है। ऐसी परिस्थिति में मैंने वाट्सएप पर जवाब नहीं देने का सुविचारित निर्णय लिया। हाँ मैंने माननीय पूर्व-अध्यक्ष एवं अलवर शाखा से जो लिखित अभ्यावेदन प्राप्त हुए उनका प्रत्युत्तर अवश्य दिया है। यही प्रत्युत्तर माननीय अर्थमंत्री जी से प्राप्त पत्र पर भी लागू होता है। चूँकि यह मेरे कार्यकाल की अन्तिम पत्रिका प्रकाशित हो रही है अतः मैंने उचित समझा कि मैं भी अपना पक्ष समाज के समक्ष पत्रिका के माध्यम से रखूँ।

आदरणीय, जो समस्या वर्तमान में बना दी गई है, वह है महासभा के चुनाव के लिये नामांकन एवं मतदान स्थलों का चयन। जैसा कि आपको विदित है नामांकन दिनांक 03.07.2022 को नागपुर में एवं मतदान दिनांक 24.07.2022 को हस्तिनापुर (उ.प्र.) में निर्धारित हुआ है। वर्ष 2018 जुलाई माह में इन्दौर में आयोजित अधिवेशन (आम सभा) में एक स्वर से माँग की गई थी कि चुनाव प्रक्रिया में संशोधन किया जाय ताकि आयोजक शाखा को व्यवस्था में एवं प्रत्याशियों एवं मतदाताओं को मतदान स्थल तक पहुँचने/पहुँचाने में किये जाने वाले अनावश्यक व्यय कम हो सकें। इस निर्देश की पालना में कार्यकारिणी ने विधान में संशोधन के लिये प्रस्ताव तैयार करने हेतु पाँच सदस्यों की एक समिति का गठन किया जिसने सर्वसम्मति से संशोधन प्रस्ताव तैयार किये। समिति का सुझाव था कि मतदान का विकेन्द्रीकरण किया जाय और

10-12 मतदान केन्द्र बना दिये जावें ताकि सदस्यगण अपने शहर में या निकटस्थ स्थान पर मतदान कर सकें। इससे अनावश्यक व्यय भी रुकता और मतदान में सदस्यों की सहभागिता भी बहुत अधिक बढ़ जाती। परन्तु समाज में व्याप्त राजनीति ने संशोधन नहीं होने दिया। जब यह तर्क दिया गया कि आयोजन में बहुत अधिक व्यय होने के चलते कोई शाखा चुनाव नहीं कराना चाहती तो कतिपय शाखाओं ने कहा कि हम चुनाव कराने हेतु तैयार रहेंगे परन्तु जब प्रस्ताव माँगे गये तो ये शाखायें भी पीछे हट गईं।

वर्तमान कार्यकारिणी की अवधि जुलाई 2021 तक थी। अतः दिनांक 18.07.2021 को कार्यकारिणी की आयोजित ऑनलाइन बैठक में चुनाव बावत चर्चा की गई। महामंत्री का प्रस्ताव था कि चुनाव का स्थान एवं तिथि निर्धारित कर दी जावें। परन्तु कार्यकारिणी सदस्यों ने निर्णय लिया कि यह निर्णय ऑनलाइन बैठक में नहीं किया जावे तथा जिस कार्यकारिणी की बैठक में सदस्य भौतिक रूप से उपस्थित रहें उसी में यह निर्णय होना चाहिये तब तक शाखाओं से प्रस्ताव ले लिये जावें। भौतिक बैठक दिनांक 26.12.2021 को मिढ़ाकुर (आगरा) में आयोजित हुई। तब तक किसी शाखा से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। निर्णय लिया गया कि शाखाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु एक प्रयास और किया जावे और किसी भी शाखा से प्रस्ताव प्राप्त न होने की स्थिति में महामंत्री अपने स्तर पर किसी धार्मिक स्थान पर चुनाव की व्यवस्था करें। अगली कार्यकारिणी की बैठक 10.04.2022 को मुम्बई में आयोजित हुई। तब तक भी कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। ऐसी परिस्थिति में कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से चुनाव की व्यवस्थायें करने हेतु महामंत्री को अधिकृत कर दिया और महामंत्री ने अपने सर्वोत्तम विवेक का उपयोग कर एवं यह देखते हुए कि वे कहाँ व्यवस्थायें करने में सक्षम होंगे, अधिवेशन एवं मतदान हेतु हस्तिनापुर (उ.प्र.) और नामांकन हेतु नागपुर की घोषणा कर दी।

अब आपत्ति की जा रही है कि दोनों स्थल पल्लीवाल बाहुल्य क्षेत्र से दूर हैं अतः स्थान परिवर्तन किया जावे। जब कि वस्तुस्थिति यह है कि हस्तिनापुर की पल्लीवाल बाहुल्य क्षेत्र (आगरा, अलवर, महवा, हिण्डौन, जयपुर आदि) से दूरी उस दूरी की अपेक्षा बहुत कम है जो इन्दौर (पूर्व मतदान स्थल) से थी। इन्दौर में चुनाव कराने का निर्णय पूर्व कार्यकारिणी का था जिसे कार्यकारिणी की आपात बैठक आहूत करने के बावजूद तत्कालीन पदाधिकारी चाहते हुए भी नहीं बदल सके। परन्तु अब अध्यक्ष से अपेक्षा की जा रही है कि वे विधान के प्रावधानों के विपरीत स्वविवेक से स्थान परिवर्तन कर दें। इसे राजनीति के अलावा क्या कहा जा सकता है, मेरी समझ से बाहर है। जहाँ तक नागपुर में नामांकन कराने का प्रश्न है, नागपुर भी अ.भा.प. जैन महासभा की एक शाखा है जिसमें लगभग 150 आजीवन सदस्य निवास करते हैं। महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी नागपुर से हैं। अति प्राचीन पल्लीवाल जैन मन्दिर व धर्मशाला भी वहाँ निर्मित है। ऐसे में नागपुर शाखा की भावना के अनुरूप नामांकन कार्यक्रम नागपुर में रखा गया है। वैसे भी महवा से नागपुर की दूरी भी उतनी ही है जितनी नागपुर से महवा की जहाँ महवा में नामांकन अथवा मतदान कार्यक्रम रखने पर नागपुर के सदस्यों को आना पड़ता। यूँ भी महासभा का स्वरूप प्रादेशिक अथवा क्षेत्रीय न होकर अखिल भारतीय है अन्यथा पल्लीवाल बाहुल्य क्षेत्र के बाहर दूरस्थ स्थानों जैसे मुम्बई, पुणे, नागपुर, इन्दौर, कन्नोज, दिल्ली आदि में शाखाओं का गठन ही नहीं किया जाता। इस निर्णय को गैर-कानूनी एवं अलोकतांत्रिक बताया जा रहा है, उनके द्वारा जो अपने आपको कानून के ज्ञाता समझते हैं। किसी कार्य को कानूनी अथवा गैर कानूनी घोषित करना किसी व्यक्ति विशेष का अधिकार नहीं होता, उसके लिये अन्य संस्थायें निर्धारित हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया तो विधान में ही है जिसके अनुसार एक तिहाई सदस्यों की माँग पर आपात बैठक बुलाकर कार्यकारिणी के निर्णय पर पुर्नविचार हो सकता है। इसके लिये कार्यकारिणी के कुल 61 सदस्यों में से मात्र 21 के हस्ताक्षर चाहिये, जिसमें पूर्ण प्रयास के बावजूद ये लोग असफल रहे हैं। जहाँ तक सत्ता केन्द्र महवा का प्रश्न है, मीटिंग में बनाई गई 25 आदमियों की कमेटी की बात भी इनके प्रत्याशी नहीं सुन रहे हैं। फिर ऐसे लोग स्वयं को पल्लीवाल जैन समाज का पर्याय कैसे मान रहे हैं। इन्हें ज्ञात है कि सदस्यों की आवश्यक संख्या इनके साथ नहीं है अतः बिना लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाये वर्तमान

पदाधिकारियों को बदनाम कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं।

लगभग 40 शाखाओं में से मात्र 3 शाखाओं ने तथा लगभग 50,000 की पल्लीवाल आबादी में से महवा में एकत्र होकर मात्र 150 लोगों ने इस निर्णय का लिखित विरोध किया है। समझ नहीं आता कि ये अपने आप को पल्लीवाल जैन समाज का पर्याय कैसे मान रहे हैं। एक अभ्यावेदन इस बावत मुझे सर्वाधिक अनुभवी पूर्व अध्यक्ष माननीय देवकी नन्दन जी और दूसरा अलवर शाखा के पदाधिकारियों की ओर से मुझे लिखित में दिया गया था। माननीय अर्थमंत्री जी का भी एक पत्र निर्णय को अवैधानिक बताने बाबत मुझे प्राप्त हुआ था। उसका उत्तर भी मेरे उपरोक्त प्रत्युत्तर में समाहित है। माननीय अर्थमंत्री जी जिम्मेदार पद पर रहकर कार्यकारिणी की बैठक में अपनी बात नहीं रख कर अन्य पदाधिकारियों के साथ, जिन्हें कोई विशेषाधिकार प्राप्त नहीं हैं, अनावश्यक पत्राचार क्यों कर रहे हैं, मुझे समझ नहीं आता। मेरी ओर से समुचित प्रत्युत्तर माननीय पूर्व अध्यक्ष को भिजवाया जा चुका है। परन्तु शायद वे इस पत्र को राणनीति के अर्न्तगत वाट्सएप पर डालने में संकोच कर रहे हैं। अत: मैं श्री देवकी नन्दन जी का पत्र एवं मेरा प्रत्युत्तर भी इसी अंक में प्रकाशित करा रहा हूँ ताकि समाज जन वस्तुस्थिति से परिचित हो सकें।

हाँ, एक व्यक्तिगत स्पष्टीकरण और। यद्यपि मुझ से सीधे बात किसी सदस्य ने नहीं की परन्तु परोक्ष रूप से मुझ पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि मैंने वायदा कर महासभा को दान राशि नहीं दी। वस्तुस्थिति यह है कि मैंने अपने चुनाव अभियान के दौरान लगभग सभी स्थानों पर चुनाव प्रक्रिया खर्चीली होने के सन्दर्भ में यह जरूर कहा था कि यदि मेरा चुनाव निर्विरोध होता है तो चुनाव में व्यय होने वाली राशि समाज के काम आयेगी और जितनी राशि नहीं देने का आरोप मुझ पर लगाया जा रहा है उससे भी ज्यादा राशि का सहयोग मैं पल्लीवाल जैन समाज की संस्थाओं में कर चुका हूँ। ये संस्थायें चाहे महासभा हो, शाखा हो, युवक मण्डल हो, समाज द्वारा आयोजित धार्मिक यात्रायें हों या शिक्षा समिति। पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति के बारे में यह भी कहा जाता है कि यह महासभा की संस्था नहीं है। यह बात बिल्कुल सही है और इसे हिण्डौन सिटी में हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक के दौरान ही बिल्कुल स्पष्ट कर दिया गया था। परन्तु यह पल्लीवाल जैन समाज की ही शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एकमात्र संस्था है जिसमें लगभग 150 पल्लीवाल जन एक-एक लाख रूपये सहयोग देकर आजीवन सदस्य बने हुए हैं। पल्लीवाल जैन के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति संस्था का सदस्य नहीं बन सकता। यदि आरोप लगाने वाले लोग यह भी बता देते तो अच्छा रहता कि चुनाव के समय माहौल खराब करने वाले जागरुक सदस्य चार साल से कहाँ सो रहे थे तथा जो माननीय सदस्य अब तक अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर रहे (निर्विरोध निर्वाचित भी) उनके द्वारा महासभा को क्या आर्थिक सहायता दी गई। राजनीति की पराकाष्ठा देखिये कि एक पूर्व पदाधिकारी कहते हैं कि हमने तो अध्यक्ष का पद बेचा है। शायद उनका वश चले तो वे ताजमहल और लाल किला भी बेच दें। क्या समाज में किसी व्यक्ति की हैसियत है कि वह अध्यक्ष या अन्य कोई पद बेच सके और अगर वे पद बेचने में सक्षम थे तो एक प्रत्याशी तो इक्कीस लाख रूपये देने को भी तैयार थे तथा खुले आम नामांकन के दिन घोषणा कर रहे थे, उनको पद न बेचकर महासभा को आर्थिक नुकसान क्यों पहुँचाया गया। शायद पद बेचने की परम्परा एकाध शाखा में ही है, अन्य शाखाओं के बारे में मैंने नहीं सुना कि पैसे लेकर किसी पद पर किसी को निर्वाचित कराया गया। जहाँ तक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति का प्रश्न है, महामंत्री को कार्यकारिणी द्वारा चुनाव की व्यवस्था करने हेतु अधिकृत कर देने के पश्चात उनके लिये गये सभी निर्णय कार्यकारिणी के निर्णय ही माने जाने चाहिये। मतदाता सूची का प्रकाशन, आपत्तियाँ आमंत्रित करने आदि का सभी कार्य पूर्णत: विधान के अनुसार ही सम्पन्न किया जा रहा है।

मैंने पद पर रहते यथासम्भव निष्पक्ष रहकर समाज हित में कार्य करने का प्रयास किया है। पल्लीवाल समाज के प्रति मेरी निष्ठा हमेशा बनी रहेगी। ऐसा नहीं होगा कि महासभा के पद से हटते ही मेरा समाज से अनुराग समाप्त हो जावें। जैसा कि होता रहा है। आगामी कार्यकारिणी को अग्रिम शुभकामनाओं के साथ।

*-आपका आर.सी. जैन*

**अध्यक्ष / महामंत्री महोदय,**

**अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा**

**विषय : नवीन कार्यकारिणी के चुनाव के सम्बन्ध में दिनांक 21.5.2022 को जारी पत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी के चुनाव हेतु अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार महामंत्री महोदय के स्कैनड हस्ताक्षर से एक पत्र जारी किया गया है। पत्रानुसार महासभा के चुनाव हेतु 3 जुलाई 2022 को नामांकन नागपुर, महाराष्ट्र में और 23-24 जुलाई, 2022 को अन्य सभी चुनावी प्रक्रियायें हस्तिनापुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जायेगी।

पल्लीवाल पत्रिका के 25 अप्रैल, 2022 के अंक में स्पष्ट लिखा है कि ग्वालियर शाखा का मौखिक प्रस्ताव आया है और मुम्बई सभी के लिए दूर होने के कारण चुनाव कराया जाना उचित नहीं है और महासभा कार्यकारिणी द्वारा लिये गये इस निर्णय के विपरीत चुनाव कार्यक्रम बिना कार्यकारिणी में प्रस्ताव पारित किये जारी किया गया जो कि महासभा के विधान के विपरीत है और इसका स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त निर्णय आश्चर्यचकित करने वाला और अविवेकपूर्ण है। क्योंकि नागपुर हेतु भारत से सभी शहरों से कनेक्टिविटि भी नहीं है और गर्मी के मौसम में वहां तक आने-जाने में कई दिन लगेंगे साथ ही ट्रेन आदि का रिज़र्वेशन अभी से वेटिंग में आ रहा है तो नॉमिनेशन से पहले तो मिलना ही मुश्किल है। साथ ही खड़े होने वाले प्रत्याशी को अपने साथ अपने प्रस्तावकों और समर्थकों को भी ले जाना पड़ेगा जिससे प्रत्येक खड़े होने वाले प्रत्याशी पर लगभग 10 से 12 हजार रुपये का आर्थिक भार आयेगा। इस प्रकार 61 पदों के लिए औसत रूप से लगभग 100 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन भरे जाने की सम्भावना है जिससे धन के अपव्यय के साथ-साथ इस गर्मी में समाज के कितने लोगों का समय भी व्यर्थ होगा इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

इसी प्रकार वोटिंग हेतु हस्तिनापुर का चयन भी अव्यवहारिक है क्योंकि हस्तिनापुर में पल्लीवालों के कोई परिवार नहीं है और दूर-दूर तक महासभा की कोई शाखा भी नहीं है। इस क्षेत्र का महासभा की किसी भी शाखा से जुडाव नहीं होने के कारण सम्पूर्ण भारत से आने वाले समाज के बन्धुओं की व्यवस्था एवं चुनाव व्यवस्था होने पर भी संशय है। इसी प्रकार जुलाई महिना सावन का माह होता है और पूरे उत्तर प्रदेश में कावड़ यात्राएं बहुत ही जोर-शोर से निकाली जाती हैं, जिससे पूरे प्रदेश के सभी मार्ग अत्यधिक व्यस्त होते हैं। हस्तिनापुर जाने हेतु मेरठ हाईवे पर भी इसी प्रकार की कावड़ यात्राएं होने से यह मार्ग भी इस माह में अति व्यस्त रहता है और मेरठ से हस्तिनापुर का रास्ता भी अत्यधिक दुर्गम होने के कारण इस रोड पर रात का सफर अत्यधिक जोखिम भरा होता है। अतः रात के समय में इस मार्ग पर साधन भी नहीं मिलते हैं।

इसी प्रकार महवा शाखा द्वारा चुनाव का सम्पूर्ण खर्चा उठाने के साथ ही चुनाव की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व भी उठाने हेतु लिखित में महासभा को दिया गया है और महासभा की कार्यकारिणी को महवा शाखा के अलावा कोई और प्रस्ताव लिखित में आदिनांक तक प्राप्त भी नहीं हुए हैं तो फिर उक्त निर्णय किस आधार पर लिया गया? कृपया सम्पूर्ण समाज को बताने का श्रम करें। हस्तिनापुर में चुनाव करवाने पर सम्पूर्ण खर्चा महासभा के द्वारा किया जायेगा जो कि स्पष्ट रूप से महासभा के कोष का अपव्यय है। अतः उक्त निर्णय पर पुनर्विचार कर महवा शाखा के प्रस्ताव पर विचार कर नामांकन सहित समस्त चुनावी प्रक्रिया का दायित्व महवा शाखा को दिये जाने का श्रम करें।

**भवदीय**

*1. श्री देवकीनन्दन जैन, पूर्व अध्यक्ष, महासभा*

*2. श्री रमेश चन्द पल्लीवाल, पूर्व महामंत्री, महासभा*

*3. श्री श्रीचन्द जैन, पूर्व महामंत्री, महासभा*

*4. श्री ज्ञान चन्द जैन, पूर्व अर्थमंत्री, महासभा*

*5. श्री अशोक कुमार जैन, नौगांवा, पूर्व अध्यक्ष, जयपुर शाखा*

*6. श्री राजेन्द्र कुमार जैन, पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष, जयपुर शाखा*

*आदरणीय श्रीमान देवकी नन्दन जी,*
*पूर्व अध्यक्ष, अ.भा.प. जैन महासभा*
*महवा/जयपुर*

**विषय :- नवीन कार्यकारिणी के सम्बन्ध में जारी पत्र दिनांक 21.05.2022 के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ :- आपका ज्ञापन दिनांक 22.05.2022**

महोदय जी,

सादर जयजितेन्द्र।

मैं आभारी हूँ कि आपने सन्दर्भित पत्र देने हेतु महासभा के पूर्व पदाधिकारियों एवं अन्य सहयोगियों, शाखाओं के पूर्व पदाधिकारियों के साथ मेरे आवास पर पधार कर मुझे अनुग्रहित किया।

आपसे हुई चर्चा एवं आप द्वारा प्रस्तुत पत्र के अवलोकन से प्रतीत हुआ कि आप लोग महासभा चुनाव हेतु नामांकन एवं मतदान के लिये निर्धारित शहरों के चयन से व्यथित हैं तथा चाहते हैं कि चुनाव महवा में कराये जावें।

महोदय, कृपया इस सम्बन्ध में अ.भा.प. जैन महासभा की कार्यकारिणी समिति की विगत बैठकों के कार्यवाही विवरणों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो पल्लीवाल जैन पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। प्रथम बार चुनाव सम्बन्धी चर्चा कार्यकारिणी समिति की बैठक, दिनांक 18.07.2021 में ऑनलाइन आयोजित हुई थी, में हुई थी जिसमें निर्णय हुआ कि कार्यक्रम तब निर्धारित किया जावे जब कार्यकारिणी की बैठक ऑनलाइन न होकर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति में हो, तब तक शाखाओं से इस बाबत प्रस्ताव ले लिये जावें। परन्तु अफसोस कि दिनांक 26 दिसम्बर, 2021 में मिढाकुर (आगरा) में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक तक किसी भी शाखा ने इस बाबत कोई रूचि नहीं दिखाई। ऐसी परिस्थिति में कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि एक प्रयास और किया जावे तथा यदि कोई भी शाखा प्रस्ताव नहीं दे तो महामंत्री को अधिकृत कर दिया जावे कि वे किसी धार्मिक स्थान पर चुनाव आयोजित करा दें। अन्ततः दिनांक 10 अप्रैल 2022 को आयोजित कार्यकारिणी की बैठक तक भी किसी शाखा से चुनाव कराने की सहमति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अन्तिम रूप से सर्वसम्मति से महामंत्री को अधिकृत कर निर्देश दिये गये कि वे किसी धार्मिक स्थान पर चुनाव सम्पन्न करावें।

महोदय, शायद मुझे यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि जब कार्यकारिणी सर्वसमति से किसी पदाधिकारी/सदस्य को किसी कार्य विशेष के लिये अधिकृत कर दे तो कार्यकारिणी की समस्त शक्तियाँ उस पदाधिकारी/सदस्य में निहित हो जाती हैं। ऐसी परिस्थिति में महामंत्री ने अपने सर्वोत्तम विवेक से यह ध्यान में रखते हुए कि वे कहाँ व्यवस्था करने में सक्षम होंगे, चुनाव स्थल हस्तिनापुर (उ.प्र.) निर्धारित किया है, जिसमें मुझसे भी सहमति प्राप्त की गई। ऐसी परिस्थिति में, मेरी अल्प समझ से बाहर है कि उक्त निर्णय मनमाना अथवा गैर-कानूनी कैसे हो गया।

कुछ सम्माननीय सदस्यों का यह भी सोच है कि चुनाव किसी पल्लीवाल बाहुल्य क्षेत्र (शायद उनका मतलब जयपुर, अलवर, महवा, हिण्डौन तथा आगरा आदि शहरों से है) में ही होने चाहिये। मेरी समझ से यह भी बाहर है कि यदि अ.भा.प. जैन महासभा का स्वरूप प्रादेशिक अथवा क्षेत्रीय ही था तो क्यों दूरस्थ क्षेत्रों, यथा नागपुर, मुम्बई, पुणे, कन्नोज, इन्दौर आदि में शाखाओं का गठन किया गया। मेरी बुद्धि के अनुसार प्रत्येक शाखा को समान अधिकार प्राप्त हैं और सभी शाखाओं के सदस्यों को जोड़े रखना महासभा का कर्त्तव्य एवं दायित्व भी है। जहाँ तक नागपुर दूर होने का प्रश्न है, नागपुर से जयपुर की दूरी भी उतनी ही है, जितनी जयपुर से नागपुर की। नामांकन प्रस्तुत करने एवं चुनाव लड़ने

का अधिकार भी सभी शाखाओं के समस्त सदस्यों को है, चाहे वे महवा में रहते हो अथवा नागपुर में। वैसे भी मात्र नामांकन प्रस्तुत करने का कार्यक्रम ही नागपुर में शाखा के अनुरोध पर रखा गया है जिसमें बहुत अधिक सदस्यों का नागपुर जाना आवश्यक नहीं रहता। अपेक्षाकृत बड़ी शाखायें तो क्षेत्रीय सदस्यों का चुनाव अपने स्तर पर करा कर महासभा को भी प्रेषित कर सकती हैं।

जहाँ तक मतदान हस्तिनापुर में रखने का प्रश्न है, मेरी जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर की पल्लीवाल बाहुल्य क्षेत्र से दूरी, उस दूरी से कम है जो पूर्व मतदान स्थल, इन्दौर से थी। इन्दौर का चयन तो आपकी अध्यक्षता वाली कार्यकारिणी ने ही किया था। उदाहरण स्वरूप हस्तिनापुर की दिल्ली से दूरी 125 कि.मी., आगरा से 300 कि.मी., जयपुर से 377 कि.मी. है जबकि इन्हीं स्थानों से इन्दौर की दूरी क्रमशः लगभग 800 कि.मी., 750 कि.मी. तथा 550 कि.मी. है।

जहाँ तक महवा शाखा के प्रस्ताव का प्रश्न है, इस तरह का कोई भी प्रस्ताव महासभा को प्राप्त नहीं हुआ। जो वाट्सएप पर प्रस्ताव के नाम से डाला तकनीकी रूप से महवा शाखा का प्रस्ताव नहीं है। प्रस्ताव पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले महवा के पल्लीवाल बन्धु अथवा मन्दिर समिति के पदाधिकारी हैं। मुझे यह जानकारी प्राप्त होने पर सुखद अनुभूति अवश्य हुई कि महवा शाखा अत्यन्त जागरूक शाखा है अन्यथा गत लगभग चार वर्षों में न तो महवा शाखा के अध्यक्ष/मंत्री किसी कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित हुए और न ही महासभा को सूचना प्राप्त हुई कि महवा शाखा के चुनाव कब हुए तथा शाखा की मिटिंग कब हुई।

व्यक्तिगत चर्चा के दौरान आपने मुझे यह भी कहा कि अध्यक्ष चाहे तो चुनाव कार्यक्रम में अपने स्तर पर भी परिवर्तन कर सकता है। मेरी जानकारी में महासभा के विधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, फिर भी आप जैसे सम्मानीय व्यक्ति एवं सर्वाधिक अनुभवी पूर्व अध्यक्ष के सुझाव पर मैंने विधान का पुनः अवलोकन किया तथा कुछ अन्य जानकार व्यक्तियों से भी विमर्श किया। दुर्भाग्यवश ऐसा कोई प्रावधान विधान में नहीं मिला। विधान के अनुसार समस्त शक्तियाँ कार्यकारिणी समिति में निहित हैं जो किसी पदाधिकारी को अधिकृत कर देने पर उसमें निहित हो जाती हैं। वस्तुस्थिति यह है कि चुनाव सम्पन्न कराने हेतु कार्यकारिणी ने मुझे कभी भी अधिकृत नहीं किया। सम्भवतः इसी व्यवस्था के कारण आपके अध्यक्ष रहते हुए भी तत्कालीन कार्यकारिणी को सदस्यों की अनुकूलता के विपरीत पल्लीवाल बाहुल्य क्षेत्र से सुदूर इन्दौर जैसी छोटी सी शाखा में चुनाव कराने पड़े।

आपसे निवेदन है कि निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार महासभा के कार्य में सहभागी बनें तथा अन्य सदस्यों को भी इस बाबत प्रेरित करें। कृपया दिनांक 22.05.2022 के पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले महासभा/शाखा के पदाधिकारियों/ पूर्व पदाधिकारियों एवं सदस्यों को भी उपरोक्त वस्तुस्थिति से अवगत कराने का श्रम करें।

आपके मार्गदर्शन और सहयोग की कामना के साथ,

सद्भावी,

**(आर.सी. जैन)**
*अध्यक्ष, अ.भा.पा. जैन महासभा*

पता : एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग
जयपुर-302018

प्रतिलिपि सूचनार्थ। मय पत्र दिनांक 22.05.2022 निम्न को प्रेषित है :-

*1. महामंत्री, अ.भा.प. जैन महासभा*
*2. संयोजक, पल्लीवाल जैन पत्रिका - प्रकाशन हेतु*

रजि. सं. 237/69-70

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा

स्थापित 1968
*महामंत्री कार्यालय : 301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन, इन्दौर ( म.प्र. )-452001*
**मोबा.: 9425110204, E-mail : jainrajeevratan@gmail.com**

दिनांक : 20.06.2022

## चुनाव अधिसूचना

मान्यवर,

अ.भा.पल्लीवाल जैन महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिये गये निर्णयानुसार एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त सूचनानुसार जुलाई 2022 में चुनाव सम्पन्न होने हैं। इस सन्दर्भ में निम्नवत् चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाता है।

### महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, अर्थमंत्री एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम

### नामांकन : दिनांक 03.07.2022, नागपुर (महा.)

| | |
|---|---|
| नामांकन स्थल | : श्री ओसवाल पंचायती, ओसवाल भवन, भगवान महावीर वार्ड, इतवारी, नागपुर (महा.) 440002 |
| नामांकन प्रस्तुत करने का समय | : प्रात: 9:00 से मध्यान्ह 12.00 बजे तक |
| नामांकनों की जाँच | : मध्यान्ह 12:00 - 1.00 बजे तक |
| वैध नामांकनों की सूची का प्रकाशन | : अपरान्ह 1:30 बजे तक |
| आपत्तियों का निराकरण | : अपरान्ह 1:30 - 2.00 बजे तक |
| नामांकन वापसी | : अपरान्ह 2:00 - 3.00 बजे तक |
| प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन | : सायं 4.30 बजे |

### मतदान कार्यक्रम (आवश्यकतानुसार)

### हस्तिनापुर (मेरठ), दिनांक 24.07.2022

| | |
|---|---|
| मतदान स्थल | : जम्बूद्वीप स्थल, हस्तिनापुर जिला मेरठ (उ.प्र.) |
| मतदान समय | : प्रात: 8:00 से सायं 5:00 बजे तक |
| मतगणना प्रारंभ | : सायं 6:30 बजे से |
| निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा | : मतगणना समाप्ति के उपरान्त |

***नोट : विशेष परिस्थिति में नामांकन एवं मतदान कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री की सहमति से परिवर्तन कर सकेंगे।***

**( डॉ. अनुपम जैन )**
***चुनाव अधिकारी***

रजि. सं. 237/69-70

स्थापित 1968

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा

*महामंत्री कार्यालय : 301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन, इन्दौर (म.प्र.)-452001*

**मोबा.: 9425110204, E-mail : jainrajeevratan@gmail.com**

## त्रिवार्षिक अधिवेशन, प्रतिनिधि सम्मेलन एवं कार्यकारिणी चुनाव
## दिनांक 23-24 जुलाई 2022

मान्यवर, सादर जयजिनेन्द्र!

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का त्रिवार्षिक अधिवेशन तथा आगामी 3 वर्ष के लिए नये पदाधिकारियों (अध्यक्ष, महामंत्री, अर्थमंत्री) एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन भी संपन्न होगा। समाज के सभी सम्मानित सदस्यों, महासभा के आजीवन सदस्यों एवं शाखाओं के प्रतिनिधियों से निवेदन है कि अधिवेशन में पधार कर सम्मेलन को सफल बनावें तथा महासभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय सदस्यों के निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर आगामी कार्यकारिणी का निर्वाचन करें।

**प्रतिनिधि सम्मेलन - दिनांक 23 जुलाई 2022**

**स्थल : शांतिसागर सभागृह, जम्बूद्वीप हस्तिनापुर (मेरठ)**

| | | |
|---|---|---|
| ध्वजारोहण | : | दोपहर 02:30 बजे<br>श्री विमलचंदजी जैन रेता वाले फिरोजाबाद द्वारा |
| चित्र अनावरण | : | श्री गौरव जैन, ग्वालियर (शाखा मंत्री) द्वारा |
| दीप प्रज्वलन | : | श्री ओमप्रकाश जैन (कोयले वाले) ग्वालियर द्वारा |
| अधिवेशन प्रतिनिधि सम्मेलन | : | दोपहर 03:00 से |
| भोजन | : | सायंकाल सूर्यास्त पूर्व |

**मतदान कार्यक्रम - दिनांक 24 जुलाई 2022**

**मतदान स्थल : तीर्थक्षेत्र जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर (जिला मेरठ) उ.प्र.**

| | | |
|---|---|---|
| मतदान का समय | : | प्रात: 08 बजे से सायं 05 बजे तक |
| मतगणना समय | : | सायं 06:30 बजे |
| परिणाम | : | मतगणना समाप्ति उपरांत |
| नाश्ता | : | सुबह 09:00 बजे से 11 बजे तक |
| भोजन | : | दोपहर 12 बजे से सायंकाल सूर्यास्त पूर्व |

मतदान एवं निर्वाचन संबंधी समस्त जानकारियों के लिए निर्वाचन अधिकारी डॉ. अनुपम जैन, डी-14, सुदामा नगर, इन्दौर मो.: 9425053822, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुरेश जैन (पूर्व कुलसचिव) मो.: 94253 79097 से संपर्क करें।

***आवश्यक सूचना :-***

1. मतदाताओं को मतदान से पूर्व फोटो परिचय पत्र दिखाना आवश्यक होगा। फोटो परिचय पत्र महासभा द्वारा जारी किया गया या भारत सरकार के निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र या पैन कार्ड, ड्रायविंग लायसेन्स, आधार कार्ड आदि ही मान्य होंगे।
2. चुनाव संबंधी विवादों का निस्तारण धारा 63 के अनुसार निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
3. मतदाता सूची महामंत्री कार्यालय अथवा सहमंत्री से निर्धारित शुल्क 200/- देकर प्राप्त की जा सकती है।
4. चुनाव संबंधित सभी सूचनाएं महासभा की वेबसाइट www.palliwaljain.com पर उपलब्ध हैं।

-- ***निवेदक*** --

| | | |
|---|---|---|
| **आर.सी. जैन (IAS)** | **राजीवरतन जैन** | **अजित जैन** |
| *अध्यक्ष* | *महामंत्री* | *अर्थमंत्री* |

एवं पदाधिकारीगण व कार्यकारिणी के समस्त सदस्यगण, अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा

# भावभीनी श्रद्धांजलि



*जन्म तिथि*
*05.06.1939*

*पुण्य तिथि*
*02.06.2022*

## स्व. श्रीमती शारदा देवी जी जैन

*श्राविकारत्न आपका स्नेह, सद्व्यवहार, धर्मपरायणता, सेवा भावना एवं प्रेरणादायक चरित्र सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।*
*हम सभी आपको शत-शत नमन करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।*
*अरिहंत प्रभु से चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।*

### श्रद्धावनत

**प्रकाशचन्द्र जैन**
*मुख्य प्रबंधक, श्री नकोड़ा तीर्थ*
*भूतपूर्व महामंत्री, श्री पल्लीवाल जैन महासभा*

**अरविंद, प्रमोद जैन** *( पुत्र )*
**अलका जैन** *( पुत्रवधू )*
**मुकेश-सुनीता जैन** *( पुत्र-पुत्रवधू )*

**निखिल-अंकिता** *( पौत्र-पौत्रवधू )*
**शुभम-दीक्षा जैन** *( पौत्र-पौत्रवधू )*
**सचिन जैन** *( पौत्र )*
**डिंपल जैन** *( पौत्री )*
**त्रिशा जैन** *( प्रपौत्री )*



**इन्दु बाला-धनपत जी सिंघवी** *( पुत्री-दामाद )*
**नितेश-कविता सिंघवी** *( दोहिता-वधू )*
**पूजा सिंघवी** *( दोहिती )*
**विधान** *( दोहिता पुत्र )*

**पीहर पक्ष :**
**कांता देवी जैन** *( भाभी )*
**रमेश चंद-रीता जैन** *( भतीजा-बहु )*
**रचना जैन** *( भतीजा बहु )*

**पता : मकान नं. 1/540, हाउसिंग बोर्ड, ताउसर रोड, नागौर-341001 (राज.)**
**मोबाइल नं.: 9414270009, 7014222162, 9828854386**

# ॥ भावभीनी श्रद्धांजलि ॥





**स्व. श्री जगदीश चंद जी जैन**
*( 19.05.1930 - 10.03.1990 )*

**स्व. श्रीमती प्रेमवती जी जैन**
*( 15.11.1932 - 12.06.2021 )*

*हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।*

*श्रद्धावनत*

*देवर :*
नवीन चन्द जैन

*पुत्र-पुत्रवधू :*
राजेंद्र जैन (गांधी)-मंजू जैन
स्व. राकेश जैन-कुसुम जैन
रविन्द्र जैन-शबनम जैन

*पुत्री-दामाद :*
सुमन जैन-नवल जैन
शारदा जैन-स्व. सुभाष जैन
राजरानी जैन-घनश्याम जैन
रंजना जैन-दिनेश जैन

*भतीजे, भांजा :*
राजकुमार जैन, राजीव जैन, संजय जैन

*पौत्र-पौत्रवधू :*
अंकित जैन, रजत जैन,
राहुल जैन-चारु जैन,
हिमांशु जैन-श्वेता जैन

*पौत्री दामाद :*
शैली जैन-रौनक जैन
श्वेता जैन

*पड़पौत्री, पड़पौत्र :*
रिशिका जैन, चित्रांक जैन

*भैया-भाभी :*
स्व. श्री पूरणचन्द जैन-स्व. श्रीमती अशोक सुंदरी जैन
श्री जयंती प्रसाद जैन-स्व. श्रीमती कर्पूरी देवी जैन
श्री जगदीश प्रसाद जैन-श्रीमती माया देवी जैन

*भतीजे-भतीजे वधू :*
गिरीश जैन-मीना जैन
महेश जैन-नीलम जैन
सुनील जैन-सच्ची जैन
राजेंद्र जैन-प्राची जैन
संजीव जैन-बबीता जैन
तापेश जैन-संगीता जैन
मनीष जैन-सपना जैन

*(समस्त चौधरी जैन परिवार, पुरामना वाले आगरा (उ.प्र.)*

**निवास**

**46, S.B.B.J. आफ़िसर कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर, मो.: 9660797507, 9414618062, 9829004364**

॥ महावीराय नमः ॥

# बधाई सन्देश





*श्री आदिनाथ भगवान की असीम अनुकम्पा से*
***श्री अशोक कुमार जैन व श्रीमती गीता जैन, कोटा*** *को गोर्वधन नगर, सांगानेर, जयपुर में नवनिर्मित श्री 1008 वासुपूज्य भगवान जिन मन्दिर के श्री मज्जिनेन्द्र पंच कल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव (दि. 20.05.2022 से 25.05.2022 तक) की पावन वेला पर ब्रहम्मोत्तर इन्द्र-इन्द्राणि बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।*
*इस अवसर पर हम सभी आप दोनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करते हैं।*
*वीर प्रभू से प्रार्थना है कि इस जोड़ी को जीवन पर्यंत स्वस्थ एवं समृद्धि के साथ धार्मिक कार्यों में बनाये रखे।*

## शुभेच्छु

*भाई-भाभी :*
पवन-पुष्पा जैन
स्व. राजेश-कुमकुम जैन
योगेश-मीना जैन
*(आगरा)*

*बहन-बहनोई :*
सुधा-पदम चन्द जैन
*(अजमेर)*
सुनिता-दिनेश चन्द जैन
*(खेडली)*

*पुत्र-पुत्रवधु :*
प्रिंस-गरिमा जैन
*(इंग्लैण्ड)*
पीयुष-मोहिनी जैन

*साला-सलैज :*
मनोज-मंजू जैन
*(पेट्रोल पम्प वाले, लक्ष्मणगढ़)*

*साली-साढू :*
सीता-अनिल जैन, बी.एस.एन.एल.
*(जयपुर)*

*एवं*
*समस्त परिवारजन व मित्रगण*

# भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री राजीव जी जैन

*( 23.06.1970 - 01.04.2022 )*

*आप के जाने से जो खालीपन हमारे जीवन में है, उसे कोई नहीं भर सकता।*
*जीवन में आगे तो बढ़ा जा सकता है लेकिन आपकी जगह कोई नहीं ले सकता।*
*हम सभी परिवारजन अश्रुपूर्ण नेत्रों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।*
*आप सदैव हमारे साथ रहें।*

**श्रद्धावनत**

*भाई :*
हिमांशु जैन, रजत जैन
निशांत जैन, ऋषभ जैन

सीमा जैन *( पत्नी )*
आकाश जैन *( पुत्र )*
आकांशा जैन *( पुत्री )*

*दादाजी-दादीजी :*
पदम चन्द जैन-कुसुम जैन

*फर्म :*
**राजीव टायर्स**
5184, बसंत रोड, नई दिल्ली-110055, मो.: 8368124930

निवास : 5186, बसंत रोड, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055, मो.: 8700733214



*(CR D-2765)*

पंजीयन संख्या 237 / 69-70

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा ( रजि. )

**( पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल )**

*महामंत्री कार्यालय : 301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन, इन्दौर ( म.प्र. )-452001*

## महासभा के आजीवन सदस्यता हेतु आवेदन-पत्र

( धारा-7 )

PHOTO

1. आवेदक का नाम ........................................................................................................
2. पिता / पति का नाम ..................................................................................................
3. जन्म तिथि ...............................................................................................................
4. उम्र (पूर्ण वर्षों में) ..................................................................................................
5. पूर्ण पता (पिन कोड सहित)........................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

6. टेलीफोन नं.(एस.टी.डी. कोड सहित)...................................मोबाइल नं. .............................................
7. जमा कराई गई राशि का विवरण ...........................................................................................

मैं यह घोषणा करता / करती हूं कि उपरोक्त विवरण सही है और मैं महासभा के विधान की पूर्ण पालना करुंगा/करुंगी। अत: मुझे महासभा का आजीवन सदस्य बनाया जावे।

मेरा एक अतिरिक्त फोटो भी संलग्न है।

दिनांक :

स्थान : **हस्ताक्षर आवेदक**

| **महासभा कार्यालय प्रयोग हेतु** | |
|---|---|
| रु. ................ शब्देन रु. ................................ .................................... रसीद सं. ................. दि. .................. के द्वारा प्राप्त किये।<br><br>अधिकृत प्रतिनिधि अर्थमंत्री | आवेदन पत्र के अवलोकन पश्चात सदस्यता प्रदान कर सदस्यता संख्या .......................... प्रदान की गई।<br>दिनांक :<br><br>अध्यक्ष / महामंत्री |

## विधवा सहायता

★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जी जैन,** दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल, 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 7000/- सप्रेम भेंट किये। *(र.सं. 5297)*

★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जी जैन,** दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल, 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 4000/- सप्रेम भेंट किये। *(र.सं. 5298)*

★ **श्रीमती रजनी बाला जी जैन** पत्नी श्री संजय कुमार जैन (सहमंत्री अ.भा.प. जैन महासभा) 45-ए, सूर्य नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर ने विधवा सहायता हेतु रु. 12,000/- सप्रेम भेंट किये। *(र.सं. 4937)*

★ **श्री अनिल कुमार जी जैन** पुत्र स्व. श्री गुलाब चन्द जी जैन (ब्यावर वाले) 2/324, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती विमला देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री गुलाब चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 5299)*

★ **श्री सुमत जी जैन**, 1/14, हाउसिंग बोर्ड, शांति कुंज, अलवर ने अपने सुपुत्र स्व. श्री राजीव जैन की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 5300)*

## अनुमोदना

**श्री आर.सी. जैन** सेवानिवृत्त आई.ए.एस. (राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा.प. जैन महासभा) एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर (राजस्थान) ने विधवा महिलाओं को समाज में उचित सम्मान प्राप्ति हेतु अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा को रु. 1,20,000/- (चैक नं. 647478) रसीद संख्या 5177 दि. 17.06.2022 द्वारा सप्रेम भेंट किए। महासभा उनके इस आत्मीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती है।

## पत्रिका सदस्यता

**3193. Sh. Pramod Kumar Ji Jain,** 5A/K/41A/1 Kalakunj, Maruti Estate, Agra-282010 (U.P.) *(CR D-2761)*

**3194. Sh. Satish Kumar Ji Jain,** Principal, Vill. & Post Gudhchadraji, Tehsil Nadoti, Dist. Karauli-322213, Mob.: 9460152882 *(CR D-2807)*

**3195. Sh. Satish Chand Ji Jain** S/o Sh. Raghubar Dayal Jain, 10-B, Ram Nagar, Behind NEB Krishi Upaj Mandi, Alwar-301001, Mob.: 9667812759 *(CR D-2772)*

**3196. Sh. Anshul Ji Jain** S/o Sh. Ajay Kumar Jain, 301, Paras Pearl's Apartment, Near Loha Mandi Thana, Agra-282002 *(CR D-2762)*

**3197. Sh. Rahul Ji Jain,** Chief Editor, Ladnu Lalkar News Paper, Ward No.30, Moriyo Ki Bagichi, Near Railway Station, Ladnu-341306 *(CR D-2763)*

## पत्रिका सहायता

★ **श्री मनोज कुमार जी जैन एवं श्रीमती कमलेश जी जैन,** झिलमिल कॉलोनी, दिल्ली ने अपने सुपुत्र चि. प्रखर जैन संग सौ.कां. खुशबु जैन पुत्री श्री संजीव जैन एवं श्रीमती दीपांजलि जैन शाहदरा दिल्ली के दि. 22.4.2022 को सम्पन्न शुभ विवाहोपलक्ष पर रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2725)*

★ **श्री सुमत जी जैन**, 1/14, हाउसिंग बोर्ड, शांति कुंज, अलवर ने अपने सुपुत्र स्व. श्री राजीव जैन की पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 1100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2764)*

★ **श्रीमती कांता देवी जैन**, ए-202, यूडीबी ईको स्केप अपार्टमेंट, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर ने अपने पूज्य पति स्व. श्री दिनेश चंद्रजी जैन एवं पुत्र स्व. जितेन्द्र कुमार जैन की पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2805)*

★ **श्रीमती लता जी जैन, रिषभ जैन,** नौगावां वालों ने श्री निर्मल कुमार जैन पुत्र स्व. श्री जैनीलाल जी जैन (भाईजी) के निधन (दि. 02.04.2022) पर उनकी पुण्य स्मृति में पत्रिका सहायता हेतु रु. 501/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2773)*

★ **श्री नरेश चन्द जी जैन व अवधेश कुमार जी जैन** (गहनोली वाले) महुआ (दौसा) ने चि. अवधेश जैन संग सौ.कां. सोनल जैन के दि. 26.05.2022 को सम्पन्न शुभ विवाहोपलक्ष पर पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2806)*

★ **श्रीमती लता जी जैन एवं श्री टीकम चन्द जी जैन** (गहनोली वाले) ने अपने सुपुत्र चि. विपुल जैन संग सौ.कां. साक्षी जैन सुपुत्री श्री राजेन्द्र जैन एवं श्रीमती मंजू जैन के दि. 09.05.2022 को सम्पन्न शुभ विवाहोपलक्ष पर पत्रिका सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. डी-2808)*

## महासभा सहायता

★ **श्रीमती लता जी जैन एवं श्री टीकम चन्द जी जैन** (गहनोली वाले) ने अपने सुपुत्र चि. विपुल जैन संग सौ.कां. साक्षी जैन सुपुत्री श्री राजेन्द्र जैन एवं श्रीमती मंजू जैन के दि. 09.05.2022 को सम्पन्न शुभ विवाहोपलक्ष पर महासभा सहायता हेतु रु. 500/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 5178)*

# शाखा ग्रामीण अंचल आगरा



अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा ग्रामीण अंचल आगरा के कार्यकारिणी के चुनाव दिनांक 12.06.2022 दिन रविवार को शाखा पर क्षेत्र ग्राम मलपुरा में बालाजी गार्डन में संपन्न हुए। चुनाव हेतु श्री प्रवेंद्र कुमार जैन उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री, श्री राकेश बजाज पूर्व अध्यक्ष आगरा शाखा को चुनाव अधिकारी का दायित्व दिया गया। चुनाव प्रबंधन का दायित्व श्री नवीन चंद जैन शाखा अध्यक्ष, श्री सुनील कुमार जैन मंत्री, श्री विजय कुमार जैन अर्थमंत्री, श्री पंकज जैन, कार्यकारिणी सदस्य ने पूर्ण किया। चुनाव प्रक्रिया शाखा संरक्षक श्री अगेन चंद जैन, श्री सुभाष चंद जैन, श्री सुभाष चंद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार जैन, आगरा परिषद के महामंत्री श्री सुनील कुमार जैन ठेकेदार, श्री राजेश कुमार जैन पूर्व शाखा अध्यक्ष, श्री सौरभ जैन शास्त्री जी, श्री सुगन चंद जैन, अर्चना श्री महेंद्र कुमार जैन फतेहपुर सीकरी विशिष्ट अतिथि रहे। क्षेत्र के समस्त जैन परिवारों को आमंत्रित किया गया। प्रातः 9.00 बजे से 10.00 बजे तक जलपान करने के बाद शाखा कार्यकारिणी बैठक हुई। शाखा के चुनाव निर्विरोध आपसी सहमति से संपन्न होते आ रहे हैं, इसी भाव के साथ सभी बंधुओं ने सर्वसम्मति से श्री विनोद कुमार जैन को अध्यक्ष पद, श्री संजीव कुमार जैन को मंत्री पद एवं श्री सुशील कुमार जैन को अर्थमंत्री पद का दायित्व दिया गया। सभी ने अपनी चुनाव प्रतिक्रिया को श्री राकेश जैन बजाज के निर्देश में पूर्ण किया। शाखा सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारिणी में शाखा सदस्य हेतु श्री देवेश कुमार जैन को निर्विरोध सदस्य हेतु मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित शाखा पदाधिकारियों का स्वागत माला, पटका द्वारा वर्तमान अध्यक्ष श्री नवीन चंद जैन, श्री सुनील कुमार जैन मंत्री, श्री विजय कुमार जैन मंत्री ने किया। चुनाव अधिकारी श्री राकेश बजाज ने तीनों पदाधिकारियों को निष्ठा, कर्तव्यशीलता की शपथ दिलाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार जैन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों श्री विनोद कुमार जैन अध्यक्ष, श्री संजीव कुमार जैन मंत्री, श्री सुशील कुमार जैन अर्थमंत्री को सामाजिक दायित्व, शाखा के उद्देश्य से अवगत कराया। श्री सुनील कुमार जैन ठेकेदार ने समाज के उत्थान में संस्कार और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीण अंचल के लिए कोई भवन और मुनि के लिए जगह की पर प्रकाश डाला। श्री राजेश कुमार जैन ने ग्रामीण क्षेत्र की शाखा की एकता समभाव की साधना करते हुए समाज विकास में राजनीति नहीं होनी चाहिए, शाखा संरक्षक महोदय ने श्री अगेन चंद जैन ने शाखा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समाज इसकी योजना बनाने एक आशीर्वाद दिया गया। शाखा क्षेत्र के 28 गांव से



पधारे सभी सम्मानित निम्न बंधु उपस्थित रहे- शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद जैन, शाखा पूर्व मंत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार जैन, पारस जैन, संतोष जैन, देवेश जैन, पंकज जैन, निर्मल जैन, अनिल कुमार जैन, मनीष कुमार जैन, आदर्श जैन, दिनेश चंद जैन, मनीष जैन आदि उपस्थित रहे। 28 गांव से पधारे सम्मानित बन्धु उपस्थित रहे, सभी आंगुन्तक बन्धुओं के भोजन की व्यवस्था की गई, जिसकी व्यवस्था कौशल जैन मलपुरा, मनोज जैन मलपुरा, मोनू जैन मलपुरा ने संभाली। भोजन के बाद नई कार्यकारिणी गठन पर विचार विमर्श हुआ। महिला मंडल, युवक मंडल समाज की समरसता निदान विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष नवीन जैन ने संभाला, विनोद कुमार जैन वर्तमान अध्यक्ष ने सबको धन्यवाद दिया।

# शाखा गंगापुर सिटी

अ.भा.प. जैन महासभा शाखा गंगापुर सिटी की नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतू अध्यक्ष, मंत्री एवं अर्थमंत्री पद के लिए निर्वाचन कराया गया। जिसमें निम्न कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित की गई :-

1. श्री सुरेश चन्द जैन, *शाखा अध्यक्ष*
2. श्री हेमन्त कुमार जैन, *शाखा मंत्री*
3. श्री धर्मेश कुमार जैन, *शाखा अर्थमंत्री*

निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत कुमार जैन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री अरविन्द जैन थे।

## महासभा सदस्यता

1. **श्रीमती पल्लवी जैन** पत्नी श्री अखिल जैन, 128-129, गणेश नगर, सेक्टर 1, फिरोजाबाद (उ.प्र.) *(र.सं. 5301)*
2. **श्री मनोज कुमार जैन** पुत्र श्री कमलेश कुमार जैन, 1/548, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर *(र.सं. 5302)*
3. **श्रीमती मंजू जैन** पत्नी श्री मनोज कुमार जैन, 1/548, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर *(र.सं. 5303)*
4. **श्री विनित जैन** पुत्र श्री मनोज कुमार जैन, 1/548, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर *(र.सं. 5304)*
5. **श्रीमती रजनी जैन** पत्नी श्री राहुल जैन, 1/548, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर *(र.सं. 5305)*
6. **श्री राहुल जैन** पुत्र श्री कमलेश कुमार जैन, 1/548, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर *(र.सं. 5306)*
7. **श्री सुभाष चन्द जैन** पुत्र श्री नेमी चन्द जैन, 1/599, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर *(र.सं. 5307)*

## शोक संवेदना



**श्री ज्योति प्रसाद जैन**, निवासी प्रताप नगर, दिल्ली का 90 वर्ष की आयु में दिनांक 01.03.2022 को स्वर्गवास हो गया है। वह भारत सरकार में उच्च पद से रिटायर हुए थे। वे धार्मिक विचारों के मिलनसार व्यक्ति थे। अ.भा.प. जैन महाससभा वीर प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती है।



**श्री राजीव जैन** (पूर्व मंत्री पल्लीवाल जैन सभा दिल्ली) निवासी बसंत रोड, नई दिल्ली का 53 वर्ष की आयु में दिनांक 01.04.2022 को स्वर्गवास हो गया। वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे एवं धार्मिक विचारों के मिलनसार व्यक्ति थे। अ.भा.प. जैन महाससभा वीर प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती है।

## शाखा समाचार

### मिढाकुर में श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया गया



श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मिढाकुर में श्रुत पंचमी महोत्सव दिनांक 4.6.2022 दिन शनिवार को शास्त्री द्वारा विधि विधान से मनाया गया, जिसमें प्रथम श्रीजी का अभिषेक करने का सौभाग्य पुष्पेंद्र जैन मिढाकुर, श्रीजी की शांति धारा का सौभाग्य नितेश जैन (आगरा), मां जिनवाणी की आराधना करने का सौभाग्य श्रीमती ममता जैन (पप्पी) पत्नी देवेश जैन मिढाकुर को प्राप्त हुआ। उसी दिन नितेश जैन (आगरा) ने जिनवाणी रखने के लिए अलमारी दान स्वरूप दी, उनके इस कार्य के लिए समाज के द्वारा माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। उनके नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। समाज के महिला बच्चों ने भी पूजा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## बधाई



**मुकुल जैन** पुत्र श्री प्रमोद कुमार जैन (सीबीईओ लक्ष्मणगढ़, अलवर) का सिविल सेवा परीक्षा-2021 में 59वें रैंक पर चयनित हो समस्त पल्लीवाल जैन समाज का नाम रोशन किया।



**भारती जैन** सुपुत्री श्री गुलाब चन्द जैन एवं श्रीमती सरोज जैन (निवासी हरसाना, लक्ष्मणगढ़, अलवर), सी-137, मालवीय नगर, अलवर ने आई.ई.एस. चयनित हो समस्त पल्लीवाल जैन समाज का नाम रोशन किया।



**मोहित जैन** पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन एवं पौत्र स्व. फूलचन्द जी जैन, गांधी नगर, मीणा वास, आबूरोड ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 91.33% प्राप्त कर अपने स्कूल में प्रथम स्थान रहा।

**अ.भा.प. जैन महासभा सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करती है।**

# अब बात नहीं काम हो...!

*कर्ममय जीवन रचे हम*
*विश्व का कल्याण हो।*
*चिर पुरातन समाज का*
*फिर से नया निर्माण हो॥*

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा जयपुर के द्विवार्षिक नियमित चुनाव अपार ऊर्जा, नई ऊष्मा, अद्वितीय उत्साह और नवीन अध्यवसाय के साथ 29 मई 2022 को सम्पन्न हुए। विजयी जनप्रतिनिधियों को बधाई व समाज को विकासाभिमुख, सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी योजनाओं से साक्षर करवाने के लिए मंगलकामना। प्रतिद्वंदीओं को भी मंगलकामना। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के पथ पर चलते हुए सामाजिक वर्जनाओं की पालना करते हुए चुनाव लड़ा।

प्रखर सूर्य की साक्षात उपस्थिति के मध्य समाज के सुधिजनों, युवाओं, माता और बहिनों ने इस चुनाव रूपी महायज्ञ में अपने मतदान रूपी समिधा के माध्यम से बढ़-चढ़ कर अपना दायित्व निर्वहन किया। एक विचारधारा को प्रचंड बहुमत देकर चुना। चुनाव - लोकतंत्र की ख़ूबसूरती का एक आयाम है जिसमें अनेक में से किसी एक को चुना जाता है। लोकतंत्र का प्राण है चुनाव, लोकतंत्र की पहचान है चुनाव, लोकतंत्र का महापर्व है मतदान।

समाज ने मतदान कर अपना दायित्व पूरा किया। अब बारी है निर्वाचित टीम की, समाज की भावनानुरूप, जिन मुद्दों पर तत्कालीन टीम को परिवर्तन किया और आपको अवसर दिया, जिन आशा और अपेक्षाओं के साथ उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

किसी विचारक ने कहा है कि चुनाव जीतने से चुनौती कम नहीं अपितु चुनौती बढ़ जाती है। अब चुनौतियों से सामना करके समाज को अभिनव पहचान देने का वक्त है- सरलता, और सहजता के साथ।

तत्कालीन पल्लीवाल जैन महासभा शाखा जयपुर के द्वारा जमीन के सम्बन्ध में पारदर्शी तरीके से समाज हित में कार्य करते हुए चारदिवारी का कार्य कर भूमि अधीग्रहण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करने की कृपा करें।

पिछ्ले कुछ वर्षों में कोरोना की वजह से सामाजिक कार्यक्रमों में जो शिथिलता आयी उसे दूर कर नई ऊर्जा और ऊष्मा के साथ कुछ अभिनव योजित कर पुनः प्रारम्भ किया जाए। समाज के बेरोजगार युवक-युवतियों का डेटाबेस तैयार कर उन्हें समाज के युवकों द्वारा संचालित यूनिट्स (इकाई) के अंदर रोजगार फेयर आयोजन कर योग्यतानुसार, प्राथमिकता के आधार पर समायोजित किया जाए। समाज के अविवाहित युवक-युवतियों का डेटाबेस तैयार कर समजान्तर्गत (same cast) विवाह हो इसके लिए प्रयास करना।

जयपुर शाखा की एक प्रभावशाली पहचान बने व jito जैसी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व प्राप्त करे। महासभा के अधीन रहते हुए समाज के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के अध्ययन हेतु आर्थिक मदद करने का विचार करेगी तो उत्तम होगा।

जयपुर शाखा की ये जिम्मेदारी इसलिए महत्त्वपूर्ण हो जाती है कि जयपुर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने का अनुकूल प्लेटफॉर्म है। यहां राजस्थान पल्लीवाल जैन समाज के सुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्रों से युवक-युवती प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं, ऐसे में उन्हें अनुकूल अध्ययन का वातावरण मिले। हीनताबोध से समाज के नौजवान मुक्त हों।

हमारे समाज के युवक युवतियों और विधवाओं के लिये आर्थिक मदद के लिये अन्य जैन समाजों के परमुखापेक्षी (निर्भर) नहीं रहे इसके लिए हमें एक कोष निर्माण कर मदद के प्रयास करें शाखा स्तर पर।

पिछ्ले 10-15 वर्षों में समाज ने आर्थिक क्षेत्र में तरक़्क़ी की है। अब अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हमें करनी है, किसी अन्य समाज से नहीं करवानी चाहिए। आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान के साथ समाज की आवश्यकताओं को हम स्वयं पूर्ण करे इसका प्रस्ताव पारित हो।

नव निर्वाचित टीम अपनी एक वर्ष की कार्य योजना माह और दिनांक सहित बनाकर समाज के सामने रखे। सभी आयुवर्ग के लोग के लिए हो। जिसमें योग शिविर, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए एक या दो दिन का भ्रमण कराना। अन्य सभी समाज कल्याण से सम्बंधित कार्य है सभी का समावेश होना चाहिए।

चुनाव के दौरान सृजित हुए भावनागत कषाय को त्याग कर सबके साथ सौहार्धपूर्ण व्यवहार बने इसके लिए श्रमसाध्य प्रयास रहे। सभी को आत्मीय परिजन मानते हुए यथायोग्य सम्मान मिले। 'चुनौतियों को अवसर में बदलकर उन्हें समाजहित में पूर्ण करने का प्रयास हों।'

टीम भावना के साथ सभी निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों का आपसी वैचारिक तालमेल समाजहित में अच्छा रहे इसके लिए अध्यक्ष और मंत्री महोदय की भूमिका सकारात्मक रहे। अब प्रचार के दौरान जिन विवादित और अपनी ओर रिझाने के लिए जो बिंदु उठाये उन्हें विस्मृत कर सर्वसमाज को साथ लेकर चलने का प्रयास रहे। अब काम करने का वक्त है न कि अनावश्यक आरोप प्रत्यारोप करने का। आशा और विश्वास है कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सभी वार्ड सदस्य अपना सर्वश्रेष्ठ समर्पित कर सकारात्मक व शांत भाव के साथ समाजहित में कार्य करेंगे।

*क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत में।*
*कर्तव्य पथ जो मिला, ये भी सही वो भी सही॥*

***पवन कुमार जैन (परबैनी)***
*मानसरोवर, जयपुर*

## बिखरता हुआ अस्तित्व : मेरा समाज

हमारे और सत्य के बीच में सबसे बड़ा बाधक ग्रुप (groupism) है। हम सब एक समय के बाद इन्हीं के गुलाम हो जाते हैं और फिर सत्य से ज्यादा हमें अपना ग्रुप प्यारा हो जाता है।

आज समाज में लड़ाई सही या गलत की कम है, लड़ाई तो अस्तित्व की है और यह जो अस्तित्व है वह भी ग्रुप का है, समाज का नहीं। खैर मैं पूर्णतया groupism का विरोधी नहीं हुं, अधिकतर व्यक्ति किसी ना किसी ग्रुप के सदस्य रहते हैं। आंशिक रूप से समाज हित में परस्पर विरोधी ग्रुप होना भी आवश्यक है, लेकिन समझदार इंसान हमेशा कॉमन सेंस पर चलता है ,उनके लिए ग्रुप साधन है साध्य नहीं है। मजे की बात ये है कि नेताओं का कोई ग्रुप नहीं होता है।

सत्य या तथ्य किसी भी एक ग्रुप का गुलाम नहीं होता। वो पत्थर की तरह निर्जीव भी नहीं होता कि एक ही जगह पड़ा रहे। वो तो जीवंत होता है, पल-पल बदलता है और चंचल हिरन की तरह कभी इस ग्रुप में कभी उस ग्रुप में छलांग लगाता रहता है, क्योंकि सही और गलत लोग हर जगह रहते हैं। यदि उसको पाना है तो हमें अपना कॉमनसेंस या अंदर की आवाज सुननी होगी।

आज हम बटे हुए हैं चाहे वालवाद हो या क्षेत्रवाद या पंथवाद। हर जगह हमारा विभाजन हो रहा है, खंड-खंड होते हुए आज हम सब देख रहे हैं, लेकिन इसका जिम्मेदार कौन है यह तय कर पाना थोड़ा मुश्किल है।

हम गांवों से निकले अधिकतर नौकरीपेशा लोग हैं, हमारी अग्रज पीढ़ी में मुख्यतया पटवारी, सरकारी अध्यापक, दुकानदार या छोटे व्यापारी रहे हैं, जिन्होंने अपनी गुरु पीढ़ी को अच्छी शिक्षा दिलवाई है। आज हमारे समाज का वर्चस्व सब जगह है। आर्थिक रूप से भी समृद्ध हुए हैं, लेकिन सामाजिक संगठन के ताने-बाने कमजोर हुए हैं। आपसी मनमुटाव बढा है। समाज के मूल संगठन को भी नुकसान पहुंचा है। चुनावी राजनीति सब समाजो में है, लेकिन जब यह राजनीति समाज के मूल संगठन को नुकसान पहुचाए तो किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

समाज का प्रगतिशील होना अच्छी बात है, समाज का अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए आक्रमक होना भी अच्छी बात है लेकिन हम तो आत्मघाती होते जा रहे हैं। एक ऐसा समय दिखाई दे रहा है जब आने वाली पीढ़ी इन सामाजिक संगठनों से दूरी बनायेगी। अभी नहीं सम्भले तो, बाद में सम्भलना मुश्किल हो जाएगा।

*-रोहित कुमार जैन*

## क्योंकि यात्रा बहुत छोटी है...

एक बुजुर्ग महिला बस में यात्रा कर रही थी। अगले पड़ाव पर, एक सुंदर मजबूत युवती बस में चढ़ गई और बुजुर्ग महिला के पास बैठ गई और साथ में बैठी बुजुर्ग महिला के बैगों को शरारतपूर्ण इरादे से छुआ।

युवती ने देखा कि उसके शरारत करने के बावजूद बुजुर्ग महिला चुप है, तो युवती ने उससे पूछा- 'मैंने आपके साथ शरारत की, फिर भी आप चुप हैं, शिकायत क्यों नहीं की?'

बुजुर्ग महिला ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया- 'असभ्य होने या इतनी तुच्छ बात पर चर्चा करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपके साथ मेरी यात्रा बहुत छोटी है और मैं अगले पड़ाव पर उतरने जा रही हूं।'

यह उत्तर सोने के अक्षरों में लिखे जाने के योग्य है। 'इतनी तुच्छ बात पर चर्चा करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हमारी यात्रा एक साथ बहुत छोटी है।'

हम में से प्रत्येक को यह समझना चाहिए कि इस दुनिया में हमारा समय इतना कम है कि इसे बेकार तर्कों, ईर्ष्या, दूसरों को क्षमा ना करने, असंतोष और बुरे व्यवहार के साथ काला करना, समय और ऊर्जा की एक हास्यास्पद बर्बादी है।

किसी ने आपका दिल तोड़ा? शांत रहें,

'यात्रा बहुत छोटी है'

किसी ने आपको धोखा दिया, धमकाया या अपमानित किया? आराम करें, तनावग्रस्त ना हों,

'यात्रा बहुत छोटी है'

किसी ने बिना वजह आपका अपमान किया? शांत रहें, इसे नजरअंदाज करें,

'यात्रा बहुत छोटी है'

किसी पड़ोसी ने ऐसी टिप्पणी की जो आपको पसंद नहीं आई, शांत रहें, उसकी ओर ध्यान ना दें, उसे माफ कर दें,

'यात्रा बहुत छोटी है'

हमारी यात्रा की लंबाई कोई नहीं जानता, कोई नहीं जानता कि वह अपने पड़ाव पर कब पहुचेंगे?


'हमारी एक साथ यात्रा बहुत छोटी है'

आइए, हम दोस्तों और परिवार की सराहना करें, आइए हम आदरणीय, दयालु और क्षमाशील बनें, अपनी मुस्कान सबके साथ बांटिए क्योंकि...

'हमारी यात्रा बहुत छोटी है'

***-आयुष जैन***

*सी-326, सूर्य नगर, अलवर*




**QUALITY WORKS • PROMPT SERVICE • COMPETITIVE RATES**

**PRODUCTS :**
**Transmission Line Towers (HT&LT), Telecom Towers, Wind Mill Structures, Sub-Station Structures, Lattice Structures, RSJ Poles & GI Earthing Strips.**

**FULLY EQUIPPED ULTRA MODERN FABRICATION AND GALVANIZING PLANT WITH EOT CRANES, HOISTS, POWER TROLLEYS, TESTING LABS & ETP SYSTEM TO ENSURE GREEN ENVIRONMENT**

**Fabrication & Galvanizing done as per**
**IS, BIS, ASTM, DIN & ISO Standards**
**Bath Size : 9m (L) x 0.8m (W) x 1.4m (D)**
**Plant Capacity : 18000 Tons / Year**

# Vijay Transmission
## PVT. LTD.

**Plant :**
